# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 02.10.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 02.10.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में चित्रकूट पुलिस द्वारा आगामी त्योहार के दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

**(3).** चित्रकूट पुलिस द्वारा मनाई गई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारत के दूसरे प्रधानमंत्री श्री लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती

पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा पुलिस लाइन परिसर में दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर दी गई सलामी

अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा पुलिस कार्यालय में दोनों महापुरुषों को चित्रों पर किया गया माल्यार्पण

आज दिनांक 02.10.2024 को चित्रकूट पुलिस द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री श्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई । पुलिस लाइन परिसर में पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर राष्ट्रीय गान गाया गया तथा रामधुन बजाई गयी । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा, "महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के बल पर स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया और पूरी दुनिया के लिए एक प्रेरणा बने। वहीं, लाल बहादुर शास्त्री जी ने 'जय जवान, जय किसान' के नारे के साथ देश की सेवा की और सादगीपूर्ण जीवन के माध्यम से नेतृत्व का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया ।" पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों से अपील की कि वे महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी के आदर्शों का पालन करें। उन्होंने कहा, "इन महान नेताओं के आदर्श हमारे लिए आज भी प्रासंगिक हैं । पुलिसकर्मियों को भी सत्यनिष्ठा, अनुशासन, और सेवा भावना के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत अभियान की प्रेरणा महात्मा गांधी जी के जीवन से लेना बताया गया, सभी को अपने आस-पास स्वच्छता रखने हेतु बताया गया तथा यह भी बताया गया कि सामाजिक एवं आधुनिक जीवन में महात्मा गांधी जी के सामाजिक मूल्यों व आदर्शों को आत्मसाथ कर एक अच्छे एवं जिम्मेदार नागरिक की भूमिका का निर्वाहन करना चाहिए एवं भारत के विकास में अपना योगदान देना चाहिए ।

पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत पुलिस विभाग में कार्यरत चतुर्थ क्लास सफाईकर्मियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुये उन्हें कम्बल एवं मिष्ठान प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स श्री यामीन अहमद, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु श्री फहद अली, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवनारायण, प्रतिसार निरीक्षक रेडिया श्री रविन्द्र कुमार  पटेल एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा पुलिस कार्यालय में पुलिस अधि0/कर्मचारियों के साथ दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया।

सभी थानों व चौकियों में पुलिसकर्मियों द्वारा दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया ।

**(4).** आज दिनाँक 02.10.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याया, क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल द्वारा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह, चौकी प्रभारी सरैंया श्री श्यामदेव सिंह की उपस्थिति में सीतापुर मेला क्षेत्र में अमावस्या के अवसर पर दर्शन करने के लिये आये हुये श्रद्धालुओं को चना वितरण किये गये।

**(5).** आज दिनाँक 02.10.2024 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्म दिवस के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम का आयोजन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कर्वी में दीप प्रज्वलित एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित छात्राओं से कहा कि आप लोग पढ़ाई के साथ-साथ पर्सनालिटी फिजिकल मेंटालिटी पर भी फोकस करें उन्होंने राज्यकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्राचार्य से कहा कि कोई समस्या हो तो अवगत कराए, कहा कि

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से महिला सशक्ति अभियान भी चलाया जा रहा है आप लोगों को फिजिकल ट्रेनिंग भी कराया जाएगा उन्होंने कहा कि गांधी जी स्वच्छता पहुत पसंद करते थे, आप लोग को अपनी दिनचर्या में बदलाव लाना होगा। उन्होंने कहा कि आप अपने माता-पिता व आसपास के लोगों को भी बताएं की सफाई करके कूड़ा कचरा डस्टबिन में ही फेंके अन्यत्र जगह पर ना फेंके। उन्होंने कहा कि सिक्किम में प्लास्टिक पर पाबंदी है इस तरह हम लोग यहां पर भी प्लास्टिक का प्रयोग ना करें। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष 100 दिन का हम लोग श्रमदान करना चाहिए, कहा कि गांधी जी के विचारों का अपने जीवन में अनुसरण करें। उन्होंने कहा कि शास्त्री जी के सत्ता में रहकर समाज के लिए सराहनीय कार्य किया आप लोग इसके कार्यों का अनुसरण करें आप लोग बदलाव लाएंगे तो बदलाव होगा।

जिला भाजपा अध्यक्ष श्री लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि महात्मा गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्म दिवस के अवसर पर यह कार्य किया जा रहा है उन्होंने गांधी जी का परिचय देते हुए कहा कि अपने सोच जज्बा से आगे बढ़ते गए उन्होंने अफ्रीका में काले गोरे की भेदभाव को देखा एवं उन्हें ट्रेन से धक्का देकर बाहर निकाल दिया गया यह देखकर महात्मा गांधी जी ने यह प्रण किया कि इसको समाप्त किया जाएगा । उन्होंने कहा कि गांधी जी ने बिना गोली बारूद के आजादी दिलाई। बच्चों को शिक्षा लेनी चाहिए आज का दिन बहुत ही सौभाग्य दिन है सभी को बहुत-बहुत बधाई। स्वच्छता दिवस के अवसर पर राजकीय बालिका विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत भी प्रस्तुत किया।
इस अवसर पर जिला अधिकारी ने स्वच्छता की शपथ दिलाई एवं सफाई मित्रों राजेंद्र कुमार, मनोज कुमार, संतोषी देवी, लक्ष्मी देवी, रोहित कुमार, सोनू ,रंजीत, सोहन मलिक आदि 10 को कीट एवं स्वच्छ घर के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात विद्यालय परिसर के बाहर श्रमदान कर सभी को साफ-सफाई के प्रति जागरुक किया।
इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह, जिला अध्यक्ष नगर पालिका श्री नरेंद्र गुप्ता, जिला भाजपा अध्यक्ष श्री लव कुश चतुर्वेदी, अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम व अन्य जनप्रतिनिधियों ने झाड़ू लगाकर शुभारंभ किये। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी कर्वी श्री लालजीत यादव, स्वच्छ भारत मिशन से श्री शिवा जाटव, सफाई इंस्पेक्टर श्री कमला कान्त शुक्ला छात्र-छात्राएं, अध्यापक उपस्थित थे।